पंजाब केसरी 29-03-2025

# अम्बाला के नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना हमारी प्राथमिकता : पवन चोपड़ा

## ■ जी.एम.एन. कॉलेज में हुई 'स्क्रिप्ट टू स्क्रीन' वीडियो एडिटिंग कार्यशाला

*जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित 'स्क्रिप्ट टू स्क्रीन' वीडियो एडिटिंग कार्यशाला को संबोधित करते प्रख्यात फिल्मकार पवन चोपड़ा।*

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): अम्बाला में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और अनेक कलाकारों ने बॉलीवुड में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर इस बात को साबित भी किया है। अब अम्बाला के नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। प्रख्यात फिल्मकार पवन चोपड़ा ने यह बात शुक्रवार को जी.एम.एन. कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग एवं मीडिया क्लब द्वारा आयोजित विशेष वीडियो एडिटिंग कार्यशाला 'स्क्रिप्ट टू स्क्रीन' के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत करके किया गया। इस कार्यशाला के दौरान पवन चोपड़ा के अलावा फिल्मकार प्रमोद पब्बी एवं साहित्यकार डॉ. रतन सिंह ढिल्लों ने विद्यार्थियों को फिल्म के निर्माण, निर्देशन, लेखन, अभिनय, सम्पादन, सिनेमेटो ग्राफी समेत तमाम क्षेत्रों की बारीकियों की जानकारी देते हुए उन्हें इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें कमलेश शर्मा द्वारा लिखित शॉर्ट फिल्म 'रैनसम' दिखाकर उसकी निर्माण प्रक्रिया के तकनीकी एवं रचनात्मक पक्ष और नारी विमर्श पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने भी इस क्षेत्र में बहुत रुचि दिखाई और कई चौंकाने वाले प्रश्न पूछे।

अपने संबोधन में डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह उनके कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक अद्भुत अनुभव है, क्योंकि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ फिल्म उद्यो ग के विशेषज्ञों से मिलने और उनके अनुभवों को समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण केवल कैमरे के सामने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक पूरा टीमवर्क होता है, जिसमें स्पॉट ब्वॉय, कैमरामैन, मेकअप आर्टिस्ट, लाइटिंग डायरैक्टर, प्रोड्यूसर जैसे अनगिनत लो ग अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। एक फिल्म के पर्दे पर आने से पहले उसमें कई लोगों का योगदान होता है और यह कार्यशाला छात्रों को फिल्म निर्माण के हर पहलू से अवगत कराने में सहायक होगी।

इस कार्यशाला की संयोजिका कॉलेज में मास कम्युनिकेशन विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर सुषमा शर्मा ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे स्क्रिप्ट से लेकर स्क्रीन तक की प्रक्रिया को समझ सकते हैं। कार्यशाला में प्रसिद्ध कलाकार अरविंद सूरी, जी.एस. जस्सर, प्रीतम सिंह गिल, डॉ. राकेश कुमार, रोहित सभरवाल, पारुल सभरवाल, बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।